हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने लिया कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा

मण्डला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 16 अप्रैल को टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान कार्यक्रम शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्य कार्यक्रम स्थल का अवलोकन करते हुए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में मंचीय व्यवस्था, मीडिया कक्ष, सुरक्षा के प्रबंध, हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था, मंडप, वर-वधु पक्ष के रिश्तेदारों के लिए बैठने की व्यवस्था आदि तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं टेंट व्यवस्था, बेरीकेटिंग, विद्युत व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पीएचई मंत्री ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इसी प्रकार से कार्यक्रम स्थल के पार्किंग व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित रहे।

प्रभारी कलेक्टर एवं एसपी ने किया हेलीपेड का निरीक्षण

मण्डला। आगामी 16 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री के टिकरवारा में संभावित प्रवास को ध्यान में रखते हुए प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला ने ग्राम ग्वारा स्थित हेलीपेड का अवलोकन करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हेलीपेड में सुरक्षा, बेरीकेटिंग, फायरब्रिगेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रभारी कलेक्टर ने ग्रीनहाऊस शौचालय व्यवस्था, ग्वारा तिराहा से लेकर हवाईपट्टी तक आवश्यकतानुसार सड़क की मरम्मत के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

ब्रम्ह मूर्हत में सेवादारों ने सूर्यकुण्ड धाम में की हनुमान लला की पूजा

मनाया गया पवन सुत का जन्मोत्सव

*** हवन-पूजन कन्या भोजन के साथ भण्डरा, शाम को निकली भव्य शोभायात्रा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

प्रसिद्ध धाम सूर्यकुण्ड हनुमान मंदिर में श्री हनुमान लला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां श्री श्री 1008 ब्रम्हलीन भारती जी महाराज मुख्य संचालक समिति ब्रम्हमूर्हत आरती सेवादार के द्वारा शनिवार की प्रात 3:45 ब्रम्हमूर्हत में हनुमान लला को विधि विधान से पूजन पाठ करते हुए चोला अर्पण किया गया। वहीं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भक्तों के द्वारा एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। साथ ही मंदिर में उपस्थित सभी भक्तों के द्वारा स्पर्श वंदन लगाने का सौभाग्य मिला। मंदिर में आने वाले सभी भक्तों के चरण धुलाए गए और तिलक वंदन करते हुए पुष्पवर्षा के साथ अंग वस्त्र भेंट किया गया। आरती के बाद हनुमान लला को अनेक प्रकार के भोग लगाए गए यहां पर भक्तों में एक अलग तरह का उत्साह दिखा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान लला के मंदिर को अनोखे तरीके से साज सज्जा की गई। हनुमान जन्मोत्सव पर यहां पर सुबह पहर से लेकर देर रात तक भक्तों का आना जाना लगा रहा जहां पर भंडारा प्रसादी वितरण का कार्य भी किया गया। बता दें कि जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर में स्थित सकवाह ग्राम है जहां हनुमान लला अपने भक्तों को तीन स्वरूप में दर्शन देते हैं। जिसमें पहला बाल रूप, युवारूप और वृद्धरूप में हनुमान लला अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। मान्यता है कि यहां से कभी कोई निराश होकर नही लौंटा यू तो रोजाना सैकड़ो की संख्या में लोग यहां दर्शन करने आते हैं लेकिन शनिवार और मंगलवार को यहां पर खासी भीड़ देखी जाती है। पुरूष ही नही महिलाएं भी यहां पर दर्शन करने आती हैं।

हनुमान शेष नाग मंदिर में हवन पूजन सम्पन्न

जिला पंचायत के सामने स्थित हनुमान शेष नाग मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए। यहां पर सुबह हनुमान लला को चोला चढ़ाया गया वहीं सुबह के समय पं रामनाथ शास्त्री के द्वारा हवन पूजन पाठ के साथ आरती कराई गई। समाजसेवी सुधीर कांसकार ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां पर भंडारा प्रसादी वितरण की गई। यहां पर शाम के समय महिलाओं ने संगीतमय सुदरकांड का आयोजन किया। साथ ही महाआरती और दीपदान भी किया गया। पंडित श्री रामनाथ शास्त्री ने विधि विधान से पूजन सम्पन्न कराई। इस दौरान महाराज ने कहा कि महाबल हनुमान जी के बल की कोई सीमा नहीं हैं। इसलिए इनका एक नाम महाबल भी है। सीता शोक विनाशन माता सीता के शोक का निवारण करने के कारण हनुमानजी का ये नाम पड़ा घर मे हनुमान जी चित्र कहा रखे यदि घर में देवी-देवताओं के चित्र लगे हों तो घर में कई तरह की परेशानियां दूर हो जाती हैं और घर में सुख-शांति बनी रहती है। वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में हनुमान जी की तस्वीर लगाने से कई लाभ मिलते हैं। अगर घर में वास्तु के नियमानुसार सही दिशा में सही तरह से हनुमानजी की तस्वीर लगाई जाए तो कई लाभ हो सकते हैं। हनुमानजी बाल ब्रहमचारी है इसलिए उनकी तस्वीर बेडरूम में नहीं लगानी चाहिए। बेडरूम में लगाई गई हनुमानजी की तस्वीर शुभ फल नहीं देती। भगवान हनुमानजी की तस्वीर घर या दुकान में दक्षिण दिशा की ओर लगाना सबसे अच्छा माना जाता है। क्योंकि हनुमानजी ने अपनी शक्तियों का प्रयोग दक्षिण दिशा की ओर दिखाया था। घर मे पंचमुखी, पर्वत उठाते हुए या राम भजन करते हुए हनुमानजी की तस्वीर लगाना सबसे अच्छा होता है। इससे घर के सभी दोष खत्म हो जाते हैं।

जिला कुश्ती संघ की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिला कुश्ती संघ मंडला की विशेष बैठक दिनांक 11 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार समय 2:30 बजे से स्थान कमला पैलेस मैरिज गार्डन बिंझिया मंडला में हुई संपन्न। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता द्वारा मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के मार्गदर्शन पर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें निम्न पदों पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुश्ती प्रेमि एवं व्यायाम शालाओं से लोगों को वरिष्ठ मार्गदर्शक मागन सोनी (नारायणगंज), पेशन पटेल (सेमरखापा), डिल्ली सिंह झरिया (नैनपुर), मानसिंह कुक्डिया (आ.टी.आई आमानाला), रघुनंदन विश्वकर्मा (नारायणगंज), ओमप्रकाश चौकसे (मंडला) संयोजकः- सुमंत उपाध्याय (बम्हनी बंजर) सहसंयोजक :- चंद्रशेखर सिंधिया (मंडला) वरिष्ठ उपाध्यक्षः- राजेश सोनी (नारायणगंज), हेमराज कछवाहा जी (सकवाह), ओमप्रकाश चंद्रौल (अम्मु) (बम्हनी बंजर) उपाध्यक्षः- संतोष कछवाहा (भपसा), वाजिद खान (मंडला), अजय चंद्रौल (बम्हनी बंजर) कुलदीप सिंधिया (बस स्टैंड मंडला), कार्यालय सचिवः- शिवम सिंधिया (वासु) एवं सतीश मरकाम (ग्राम आमानाला) सह सचिवः- नंदकिशोर नंदा, दीपक चक्रवर्ती (नारायणगंज), राजू कार्तिके तुईयापानी (खिरसारू), शेलेश यादव (मीडिया प्रभारी) कोषाध्यक्षः- सुमित सोनी (नारायणगंज) मनोनीत कर कुश्ती को आगे बढ़ाने हेतु दायित्व सोपा गया वरिष्ठजनों के द्वारा हाल ही में संपन्न हुई राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में मंडला जिले को गौरवान्वित करने वाले पहलवानों (पुरुष वर्ग में 32 कि.ग्रा. में प्रथम श्री परिवेश उइके, तृतीय विशाल उईके, 44 कि.ग्रा में तृतीय सागर चौधरी, 70 कि.ग्रा में द्वितीय दानिश पहलवान), प्रशिक्षक (बलवीर उइके), टीम मैनेजर (अशोक यादव) एवं निर्णायक मंडल (वाजिद खान, शिवम सिंधिया (वासु) एवं सतीश मरकाम) को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य एवं बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी उपस्थित होकर कुश्ती के विकास हेतु विचार विमर्श किये सचिव संदीप कुमार कछवाहा के द्वारा एक प्रस्ताव लाया गया की मंडला की बेटी शुची उपाध्याय जिनका चयन इंडियन विमेंस क्रिकेट हुआ है। बिटिया को जिला कुश्ती संघ की परंपरा अनुसार सितारे-ऐ- मंडला टाइटल से आगामी आयोजन में सम्मानित किए जाने की बात रखी गई जिसका सर्व समिति से स्वीकार किया गया और जिला कुश्ती संघ की ओर से बिटिया शुची उपाध्याय एवं उनके परिजनों को बैठक में बधाई प्रेषित की गई बैठक उपरांत एक प्रतिनिधिमंडल जिला कुश्ती संघ मंडला के संरक्षक, वर्तमान मंडला विधायिका कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके से के साथ बैठकर विचार विमर्श कर एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा 16 अप्रैल को मध्यप्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के आगमन पर उनके अभिनंदन हेतु रूपरेखा भी तैयार की गई।

शंकर पटैल ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नैनपुर क्षेत्र के जाने माने नेता शंकर पटैल वर्षो से कांग्रेस से जुड़े रहे। वे अनेक बार जनपद सदस्य भी रह चुकें है। खासकर चिरईडोंगरी क्षेत्र में उनका अच्छा वर्चस्व है। लेकिन वे काफी दिनों से कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे थे नतीजा उन्होंने कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी को अपना इस्तीफा भेजा और भाजपा की सदस्यता ले ली। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरईडोंगरी के अध्यक्ष शंकर पटैल ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए भाजपा का दामन थाम लिया है। श्री पटैल कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके निज निवास टिकरवाड़ा पहुंचे और मंत्री से भाजपा की सदस्यता लेने की मंशा व्यक्त की। तत्काल मंत्री ने उन्हें भाजपा का दुपट्टा पहनाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए श्री पटैल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति और नीति स्पष्ट दिखाई देती है भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वे अपने अन्य साथियों को भी भाजपा की सदस्यता दिलायेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा कभी जातिवाद की राजनीति नही करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है।

आयोजन | **मुख्यमंत्री आगमन को लेकर चल रही व्यापक तैयारियाँ।**

विवाह समारोह को लेकर केबिनेट मंत्री ने मांगे सुझाव

*** सभी वर्गो को समारोह में शामिल करने का प्रयास।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

16 अप्रैल को आयोजित मुख्यमंत्री विवाह निकाह योजना कार्यक्रम की तैयारियां लगातार चल रही हैं। इसी कड़ी में बीते दिनों कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके के निज निवास टिकरवाड़ा में सर्वजन की बैठक बुलाई जहां पर कैबिनेट मंत्री ने उपस्थित नागरिको से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बताई इस दौरान मंडला जनपद के सरपंच सचिव भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक सहित पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यहां पर ग्यारह सौं विवाह का लक्ष्य रखा गया है इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के अनेक दिग्गज मंत्री आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि टिकरवाड़ा में आयोजित विवाह समारोह की व्यापक तैयारियां की जा रही है साथ ही उपस्थित लोगों के उन्होंने सुझाव भी मांगे जिस पर उपस्थित लोगों से चर्चा पर अनेक टीम का गठन किया गया यह टीम वर वधु से लेकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज करायेंगी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने टिकरवारा में विवाह स्थल, मंच व्यवस्था, टेंट व्यवस्था, मंडप व्यवस्था, प्रकाश का प्रबंध, विद्युत व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पेयजल प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था सहित की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में जनपद पंचायत मंडला, नैनपुर, नगरपालिका मंडला, नैनपुर और नगर परिषद बम्हनी बंजर सम्मिलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले जोड़े में से कन्या को 49000 रूपए की राशि का एकाउंट पेयी चैक सहायता राशि के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। साथ ही विवाह कार्यक्रम आयोजन हेतु आयोजक निकाय को 6000 रूपए प्रति जोड़े के मान से राशि प्रदाय की जाती है। इस प्रकार कुल 55000 रूपए प्रतिजोड़े की राशि का प्रावधान है। उपरोक्त निकायों के इच्छुक वर-वधु मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत संबंधित निकाय में आवेदन निर्धारित दस्तावेजों सहित जमा कर इस योजनांतर्गत सहायता राशि प्राप्त कर सकता है। बारात आगमन व अगुवाई की व्यवस्था सुनिश्चित ढंग से करने के निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत, लोकनृत्य, कलश यात्रा, चैक वितरण का कार्यक्रम सुनिश्चित ढंग से करने को कहा गया। उन्होंने जिले को गौरवान्वित करने वाले विभूतियों को भी सम्मानित करने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

जहां तहां अधूरे पड़े शौचालयों के गड्ढे मूक पशुओं की जिन्दगी के लिये बन रहे खतरा

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। देश को स्वच्छ व स्वास्थ्य बनाने की सोच के चलते सरकार द्वारा शुरू की गई स्वच्छता की मुहिम के चलते जिस प्रकार से लगभग तीन वर्ष पूर्व जिस प्रकार से जिले से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा अपनी वाही वाही लूटने के लिए जिले को बाह्य शौच घोषित मुक्त कराये जाने की जो रामलीला की गई थी, उसको लेकर स्थानीय अखबारों द्वारा लगातार इस बात को उजागर किया जा रहा था कि जब लोगों के घरों में अभी तक शौचालयों का निर्माण हुआ ही नही है तो फिर आखिर में जिला बाह्शौच मुक्त घोषित कर कैसे दिया? मगर इस बात को लेकर न तो उस समय जिले के नेताओं द्वारा ध्यान दिया गया और न ही विपक्ष में बैठी हुई राजनीतिक पार्टीयों द्वारा जिसका परिणाम यह हुआ कि जिला स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से अपनी वाही वाही लूटने के लिए संपूर्ण जिले को इस प्रकार से लगभग सात वर्ष पूर्व उस समय प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा बाह्शौच मुक्त घोषित कराते हुए सम्मान पाया गया था वह सिर्फ चर्चा का विषय ही नही बल्कि उस समय विपक्ष में बैठी हुई पार्टियों की उदासीनता को भी उजागर करते हुए जान पड़ रहा था? कुछ इसी तरह का हाल इस समय भी देखने मिल रहा है जहां पर प्रशासन तंत्र में बैठे हुये अधिकारी अपने कार्यालयों मे बैठकर ओडीएफ प्लस करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? क्योंकि जहां प्रशासन द्वारा लोगों के घरों में शौचालयों का निर्माण किया गया है उनकी गुणवत्ता शौचालयों के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की कहानी स्वयं बताते हुए दिखाई दे रहे है जो आज तक पूरे नही हो पाये है और वह सरकार ही बदल चुकी तथा जिले को वाहशौच घोषित करने में अपनी वाही वाही लूटने वाले अधिकारी भी यहां से बिदा ले चुके है? वही दूसरी यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से लगभग तीन वर्ष पहले फर्जी तरीके से घोषित हुए ओडीएफ जिले की सच्चाई देखी जावे तो शहर से लेकर गांवों में आज भी स्पष्ट दिखाई पड़ रही है जहां पर अनेक लोगों के घरों में आज तक शौचालयों का निर्माण नही होने के कारण वह लोग खुले में शौचक्रिया करते हुए देखे जा रहे है और उनके लोगों के घरों म शौचालयों का निर्माण आज भी अंधूरा पड़ा हुआ है जिसके चलते शौचालयों के निर्माण हेतु खोदे गये गड्ढे मूक पशुओं के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी के लिए खुलेआम खतरे की घंटी बजाते हुए दिखाई पड़ रहे है? इस प्रकार से अंधूर पड़े हु शौचालय की सच्चाई आये दिन शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिलने से नही चूक रही है जब इन अंधूरे शौचालयों के गड्ढो में मूक पशु गिरने से उनकी जान खतरे में पड़ते हुये देखी जाती है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते वर्ष भी उस समय देखने मिल चुकी थी जब क्षेत्र में अनेक जगहों पर इस प्रकार से अधूरे पड़े हुये शौचालयों के गड्ढो में मूक पशु गिरने से उनकी मौत तक हो चुकी है।

पवन पुत्र हनुमान के जन्मोत्सव अवसर पर नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, आकर्षण का केन्द्र रही प्रयागराज महाकुंभ की भांति कांटे पर लेते हुये संत की झाँकी. अंजनी पुत्र के दर्शनों के लिये मंदिरों सहित सड़कों पर उमड़ा भारी जन सैलाब..... तो सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहा भारी पुलिस बल

संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बल वीरा...के मधुर स्वर से गुंजायमान हुई शहर की गलियां

गाडरवारा।

शनिवार का दिन निश्चित ही हनुमान भक्तों के लिए विशेष रहा। क्योंकि संकट मोचक हनुमान जी के प्रिय दिवस होने के साथ साथ इस दिवस हनुमान जन्मोत्सव व पूर्णिमा का पर्व होने के चलते बड़ा ही लाभकारी साबित होने से नही चूकता है। क्योंकि इस दिवस ईष्ट देव भगवान हनुमान की जन्मोत्सव होने के चलते यह दिन और विशेष हो जाने के कारण नगर की चारो दिशाओं में सिर्फ एक ही नारा गूंजते हुये दिखाई देने से नही चूका कि संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बल बीरा.., सहित घर घर भगवा छायेगा, देश में रामराज आवेगा.... सुनाई दे रहा था। इस प्रकार से भगवान श्रीराम के अनन्य सेवक व कलियुग में सर्वव्यापी, अमर देवता भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव कल शनिवार को विशेष नक्षत्र में होने के चलते शहर सहित क्षेत्र के गांवों में बडे ही हर्षोल्लस के साथ मनाया गया। इस प्रकार पवन पुत्र के जन्मोत्सव पावन अवसर पर नगर केशरिया ध्वज व झंडियों से सजा हुआ था। वही सुबह से ही लोग हनुमान जी का जयघोष करते हुए शहर को पूरी तरह धर्ममय बनाने में कोई कसर नही छोड़ रहे थे। इस तरह अंजनी पुत्र के जन्मोत्सव को लेकर जिस तरह नगर भारतीय युवादल द्वारा शहर के दुकानदार व व्यापारियों से मात्र छोटी सी प्रार्थना करते हुये कहा गया था कि वह शाम 4 बजे से कुछ घंटों के लिये अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हुये सहयोग प्रदान करे। मगर देखा गया कि अनेक दुकानदारों ने तो पूरे ही दिन अपनी दुकाने बंद रखते हुये हनुमान जी की भक्ति में लीन नजर आये। क्योंकि पवनपुत्र के प्रति लोगों की आस्था इस बात का संदेश देते हुये दिखाई पड़ रही थी कि लोगों ने श्रद्वा के साथ अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हुये दादा की भक्ति में लीन दिखाई दिये। वही हनुमान जन्मोत्सव की मंगलमय बेला में पवन पुत्र हनुमान जी के भक्त प्रातः बजरंग बली का गुणगान करते दिखाई पड़ रही थी जिसके चलते जहां युवादल द्वारा 10 बजे वक्त नगर में भगवा वाहन रैली निकाली गई जो नगर के रेल्वे स्टेशन से शुरू होकर मुख्य मार्गो से होते हुये शहर के सबसे प्राचीन खप्पर वाले दादा हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस रैली में जिस तरह माँ दुर्गा शक्ति का स्वरूपा नारी शक्ति भी बाइकों पर सबार होकर जय श्रीराम नारे लगाते हुये चल रही थी। वह निश्चित तौर से हिन्दुत्व के प्रति लोगों की अनोखी की छटा देखने मिला है। वही इसके उपरांत शाम 4 बजे स भारतीय युवा दल के तत्वाधान में ढोल ढमाकों के साथ हनुमान जी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। वह इस वर्ष अनोखे रूप में देखने मिली है। इस शोभा यात्रा में सबसे पहले सृष्टि के प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा को स्थापित किया गया था उसके बाद अनेक सुसज्जित रथों पर अनेक देवी देवाताओं की मूर्मि स्थापित होने के साथ साथ संत मुनी भी सम्मान के साथ रथों पर विराजमान किये गये थें। वही शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण का केन्द्र इस साल संपन्न हुये प्रयाग राज महाकुंभ की थीम पर बनाई गई थी। क्योंकि महाकुंभ में सोशल मिडिया पर माला विक्रय करने वाली एक लकड़ी व आजीबो गरीब तरह के कर्तव्य दिखाने वाले लोग अधिक छाये रहे। जबकी महाकुंभ जिस उद्वेश्य से लगता है और अनेक संत पहुंचकर सनातन धर्म की ध्वजा लेहराते है। उस सच्चाई को सोशल मीडिया द्वारा नजर अंदाज करते हुये जिस प्रकार से दिखाया था। इस हनुमान जयंती के पावन अवसर पर निकाली गई रैली के दौरान युवा दल द्वारा उस सच्चाई से अवगत कराने का प्रयास किया गया है कि हम सोशल मीडिया के चलते सनातन की सच्चाई को भूलकर किस तरह अनचाही उन चीजो को देख रहे है जिसे सोशल मीडिया जबरन परोस रहा है। सही मायने में देखा जावे तो वास्तविक महाकुंभ की सच्चाई से अवगत कराया गया है। वही दूसरी ओर शोभायात्रा के दौरान रथों पर सबार जहां संत लोग लोगों को आर्शीवाद प्रदान करते हुये चल रहे थें। वही दूसरी ओर प्रयागराज त्रिवेणी संगम से बुलाया गया जल भी वितरण किया जा रहा था। इस तरह अंजनी पुत्र हनुमान लला की शोभा यात्रा में जहां शहर की सड़को पर भीड़ नही समा नही रही थी तो दूसरी सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल जुलूस के साथ चल रहा था। बताया जाता है कि स्थानीय थाने की पुलिस के आलवा आसपास के पुलिस थानों सहित जिला मुख्यालय से भी भारी पुलिस आया हुआ था। वही शोभा यात्रा में नगर सहित बाहर से आये हुये अखाड़े के कलाकार व्यायाम प्रदर्शन करते हुये इस विशाल जुलूस को अनोखी छटा बिखरने में कोई कसर नही छोड़ रहे थें। इस तरह भगवा वस्त्रों से सजी हुई महिला शक्ति भगवान श्रीराम व हनुमान जी की लगातार जयकार करते हुए वातावरण में अयोध्या नगरी की झलका निर्मित करते हुये प्रीतत हो रही थी। वही दूसरी ओर जुलूस के बीच में जिस प्रकार से सभी बेदों से सजी हुई झांकी व महिला शक्ति अपने हाथों में तलवार लेकर चल रही थी उसके चलते नारी शक्ति का संजीव प्रदर्शन दिखाई पड़ रहा था। इस प्रकार से नगर में निकाली गई हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा में पवनपुत्र हनुमान जी की विभिन्न लेटे हुई मुद्रा तथा महाकुंभ की भांति कांटो पर लेटे हुये संत की झांकी आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पा रही थी। इस प्रकार से निकाले गये इस विशाल जुलूस में अन्य झांकिया जिस प्रकार से आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। नगर में निकाले गये लगभग 2 किलो मीटर लम्बाई के इस जुलूस में जमकर नृत्य करते हुए हनुमानजी के भक्त उनकी कीर्ति वंदना करते हुए चल रहे थें। इस शोभायात्रा को नगर में अनेक जगहों पर बजरंग बली की पूजन करते हुए जुलूस में शामिल हजारों भक्तों का स्वागत किया गया। इस स्वागत की बेला में अनेक समाज सेवी संगठनों द्वारा मुख्य मार्गो पर अपने स्टाल लगाते हुये, ठंडा, ककड़ी, आईस्क्रीम सहित अन्य प्रकार की प्रसाद वितरण करते हुये जुलूस में शामिल हनुमान भक्तों को गर्मी से राहत देखने मिली। इस प्रकार से अतुलित बल के धाम अंजनी पुत्र हनुमान की शोभायात्रा नगर के प्रसिद्व व वर्षो पुराने खब्बर वाले हनुमान मंदिर से शुरू होकर पुरानी गल्ला मंडी, झंडाचौक, चौकी मुहल्ला से निकलते हुये चांवडी मार्ग, महावीर भवन से होते हुये श्याम टाकीज मार्ग से सब्जी मंडी, पुराना बस स्टेन्ड से निकलकर पुरानी गल्ला मंडी पहुंची जहां पर अनेक लोगों द्वारा यहां पर हनुमान जी की पूजन करते हुए प्रसादी वितरण करते हुये शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस प्रकार से शोभा यात्रा के दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा स्वच्छता के प्रति अनोखा संदेश दिया गया। क्योंकि जुलूस के दौरान जहां तहां हुये स्वागत कार्यक्रम के दौरान मुख्य मार्ग पर पन्नी पाऊच सहित अन्य सामग्री बिखर गई थी। मगर शोभायात्रा के ठीक पीछे चल रही नगर पालिका परिषद की स्वच्छता संदेश देने वाली टीम द्वारा मुख्य मार्ग की तुरंत सफाई करते हुये बिखरे हुये कचरे को अपनी गाड़ियों में डालते हुये मार्ग को साफ सुधरा बनाने में कोई कसर नही छोड़ी गई। इस प्रकार से नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग स्थिति संकट मोचन हनुमान मंदिर, बजरंग बाटिका स्थित हनुमान मंदिर, पानी टंकी के पास स्थित हनुमान मंदिर सहित नगर के लगभग सभी मंदिरों पर अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों के आलवा प्रसादी वितरण हुई। इसी प्रकार से नगर के छीपा तिरहा के पास स्थित हनुमान मंदिर पर समाज सेवी चौधरी हरिओम के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसादी ग्रहण करते हुये हनुमान जी के दर्शन किये। इसी प्रकार से क्षेत्र के चीचली, सालीचौका, सांईखेड़ा, पलोहा, कौड़िया, रिछावर, खुलरी, सिहोरा, कल्याणपुर, बारहाबड़ा में भी हनुमान जयंती के मौके पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते हुये बड़ी ही धूमधाम के साथ हनुमान जयंती मनाई गई। इसी प्रकार से क्षेत्र हनुमान जयंती व पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर दिन भर भक्तों की भीड़ लगी हुई देखी गई।

शराब पीने के लिये पैसा नहीं दिये तो सिर में मारा फावड़ा, घायल गंभीर स्थिति के चलते जिला चिकित्सालय रेफर

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। इस दिनों सालीचौका क्षेत्र के कानून व्यवस्था जिस तरह पटरी से उतरते हुये देखी जा रहा है उससे यह महसूस होने से नही चूक रहा है कि शायद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सालीचौका क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा व्यवस्था इस तरह के हाथों में सौप दी गई जिसके चलते यहां पर आये दिन मारपीट की घटनाओं के साथ अन्य अपराधिक घटनाये लगातार घटित होते हुये देखी जा रही है। क्योंकि बीते हुये कुछ दिवस पहले जिस तरह एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई थी और पीड़ित अपनी शिकायत करने के लिये पुलिस चौकी पहुंचा तो उसकी शिकायत पर मामला कायम करने के जगह पुलिस द्वारा रिर्पोट की खानापूर्ति करते हुये रवाना कर दिया गया। यह सच्चाई जब वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आई तो आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पुनः इसी तरह की फिर घटित हुई घटना ने पुलिस की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े कर दिये गये है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम अर्जुनगांव खिरिया निवासी सुरेन्द्र पिता मुरलीधर लोधी उम्र 35 साल से उसी ग्राम निवासी तखत सिंह नामक युवक द्वारा शराब पीने के लिये पैसों की मांग की गई तो प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किये जाने पर आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये सुरेन्द्र पर पावडे से हमला बोलते हुये घायल कर दिया गया। इस तरह घटित हुई घटना के चलते जहां घायल को परिवार जन तुरंत इलाज के लिये स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे तो वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोटे होने के लिये पहले तहसील स्तरीय चिकित्सालय गाडरवारा भेजा गया। मगर घायल की हालत में किसी तरह का सुधार नही होने के कारण गाडरवारा से जिला चिकित्सालय रेफर किये जाने से घायल का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है। वही घटना को लेकर पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला कायम करते हुये जांच में तो लिया गया है। मगर पुलिस द्वारा दर्ज किये गये मामले को लेकर भी बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज की गई धाराओं पीड़ित पक्ष द्वारा सबाल खड़े किये जा रहे है...?

पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़ा भक्तों का जन सैलाब, शहर से लेकर क्षेत्र की सड़कों पर रात भर पैदल स्नान करने जाने वालों की लगी रही कतार

गाडरवारा। सदा ही क्षेत्रवासियों को अपना आर्शीवाद प्रधान करते हुये खुशहाल बनाने वाली माँ नर्मदाजी के भक्तों द्वारा वैसे तो हर पूर्णिमा को आस्था की डुबकी लगाने के लिये लोग माँ नर्मदा तटों पर पहुंचते है। मगर जिस तरह बीते हुये शनिवार यानि की चैत्र पूर्णिमा के मौके पर माँ नर्मदा भक्तों के बीच आस्था को जुनून देखने मिला है । वही निश्चित तौर से बड़ा अनोखा है। क्योंकि चेत्र पूर्णिमा के साथ साथ भगवान हनुमानजी की जन्मोत्सव व शनिवार का दिन यानि की लोग इस त्रिवेणी संगम में गोता लगाने के लिये इस तरह आतुर होते हुये देखे गये की माँ नर्मदाजी के पावन तट जयकारों से सुबह 4 बजे से ही गूंजने लगे थे। वही माँ नर्मदा के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की नगर की सड़को पर रात भर लाईन लगी हुई देखी गई। इस तरह रात के समय पैदल नर्मदाजी के स्नान करने जाने वाले लोगों में सिर्फ पुरूष ही नही बल्कि इस तरह छोटे छोटे छोटे बच्चे भी शामिल थें जो गाडरवारा शहर के साथ यहां से लगभग 20-25 किलो मीटर दूर से पैदल चलकर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये ककरा घाट जा रहे थें। इस तरह शहर के बीचों बीच से निकल रहे माँ के भक्तों को पानी टंकी के पास मनोज पटैल की टीम द्वारा तो आमगांव नाका पर समाजसेवी सुनील राजपूत द्वारा चाय नास्ता के साथ सभी पैदल जा रहे भक्तों का स्वागत किया गया। इस संबंध में से पैदल जा रहे माँ नर्मदा भक्त महिला ने चर्चा करते हुये बताया कि वह हर पूर्णिमा को पैदल चलकर नर्मदाजी के स्नान करने के लिये जाती है। इस तरह हम अपने घर से दोपहर दो बजे के लगभग पैदल निकलते है और शाम 7-8 बजे गाडरवारा पहुंच जाते है और रात भर पैदल चलते हुये सुबह 5 बजे माँ नर्मदाजी के ककरा घाट पहुंचकर स्नान करते हुये पूजन अर्चन करते है। हमे कभी भी न तो कोई थकान होती है और न ही कोई परेशानी। इसी प्रकार से ग्राम चारगांव निवासी एक 14 वार्षिय बालिका का कहना था कि हम अपने माता पिता सहित गांव के अन्य लोगों के साथ माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाते है और इस तरह पूर्णिमा के मौके पर अनेको बार जा चुके है। मगर कभी कोई परेशानी नही हुई है। इस तरह बीते हुये शुक्रवार की रात नगर की सड़को पर हजारों की संख्या में माँ नर्मदा स्नान करने के लिये पैदल जाने वाले भक्तों के जत्थें रात भर निकलते हुये देखे गये तो दूसरी ओर सुबह होते ही क्षेत्र के गांवों में ट्रेक्टर ट्रालियों में सबार होकर भी हजारों लोग माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पहुंचे। इस तरह चैत्र पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़े हुये हुजूम के चलते मेला जैसा दृश्य दिखाई पड़ने से नही चूक रहा था। इसी तरह का हाल क्षेत्र के सिर्फ ककरा घाट का ही नही बल्कि शोकलपुर, झिकोली, थरेरी, कोठिया, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द, भटेरा घाट सहित अन्य घाटों का भी देखने मिला जहां पर हजारों की संख्या में माँ नर्मदा भक्तों ने नर्मदा तटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये अनेक जगहों पर भगवान सत्य नारायण जी की कथा संपन्न कराई गई तो अनेक लोगों द्वारा भंडारे के आयोजन भी किये गये। इस प्रकार हर पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के ककरा घाट सहित अन्य घाटों पर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की भीड़ की लाईने लगी रहती है। मगर इन भक्तों को उस दौरान परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है कि भीड़ के बीच से रात रात भर भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी मजी रहती है। पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर क्षेत्र के नर्मदा तटों को पहुंचने वाले मार्गो पर एक रात के लिये इस तरह भारी वाहनो की धमाचौकड़ी पर प्रतिबंध के लिये लगातार भक्तों द्वारा मांग उठाई जाने के बाद भी जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने से नर्मदा भक्तों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि गाडरवारा के आलवा क्षेत्र के ग्राम सूखाखैरी, गोटीटोरिया, सिंहपुर, बारहाबड़ा, महगंवा सहित अन्य गांवों से पैदल जाने वाले नर्मदा भक्तों को देखा जाा है कि वह अपनी थकान मिटाने के लिये मुख्य रास्ते पर ही बैठ जाते है और बैठे बैठे बच्चों को नींद आने की स्थिति में वह चंद मिनिटों के लिये रास्तों पर ही सो जाते है। इस स्थिति में पूर्णिमा की रात इन भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी किसी दिन इन माँ नर्मदाजी के भक्तों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक पायेगी?

मण्डी एवं नगर पालिका काम्प्लेक्स दुकानदारों पर लाखों रूपया बकाया तो दूसरी ओर अनेक दुकानें किरायदार टू किरायदार पर चल रही है?

गाडरवारा। स्थानीय जवाहर कृषि उपज मंडी द्वारा अपनी राजस्व आय बढ़ाने शापिंग काम्प्लेक्स दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसके चलते उपज मण्डी द्वारा लगभग 152 दुकाने बताई जाती है। इसी प्रकार से नगर पालिका द्वारा संजय गांधी मार्केट में 13 दुकाने, गांधी मार्केट में 11 दुकाने व इंदिरा शापिंग काम्प्लेक्स में 64 दुकाने तथा कामथ काम्प्लेक्स में 24 दुकाने तथा पं. दीनदयाल बस स्टैण्ड में 10 दुकाने, चीचली रोड पर स्थित काम्प्लेक्स में 10 दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसमें से इन शापिंग दुकानों में से 126 दुकाने नगर पालिका द्वारा किराये से दी गयी।

मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा इन दुकानों को अपनी जुगाड़ू व्यवस्था के चलते किराय से लेकर अन्य दूसरे को किराय पर दे रखी है, जिनका किराया विगत लम्बे समय से न तो मंडी कार्यालय में जमा हो रहा है ओर न ही नपा में जिसके कारण इस समय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी प्रशासन को दुकानदारों से 30 लाख रूपया से ऊपर तथा नगर पालिका प्रशासन को कई लाख रूपया से ऊपर की राशि इन दुकानदारों से किराय के रूप में लेना बाकी निकल रहा है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इन दुकानदारों में कुछ दुकानदारो की स्थिति तो कुछ इस प्रकार से बताई जाती है कि जिनका किराया लाख रूपया से ऊपर है। वही बताया जाता है कि मंडी एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा बकाया किराया वाले दुकानदारों पर नियमानुसार नोटिस देकर दुकान खाली कराने का अधिकार होने के साथ साथ किसी शासकीय संपत्ति के संबंध में बताया जाता है कि जो व्यक्ति यदि किराय से लेता है तो उसका उपयोग वही करता है किरायदार को किराय से देने का अधिकार नही होता है..? मगर बडे ही हैरत की बात है कि इसके बाद भी अनेक दुकान नियाम के खिलाफ किरायदार से किरायदार के रूप में चल रही है। लेकिन आज तक ऐसी कोई कार्यवाही मंडी एवं नगर पालिकस प्रशासन द्वारा की नही गयी, हालांकि मंडी एवं नगर पालिका वसूली अधिकारी का कहना है कि हम बकायादारों से राशि जमा करने की बात कहते रहते है, बहरहाल मंडी एवं नगर पालिका शापिंग काम्प्लेक्स से लाखों रूपयो की बकाया राशि बसूल न किया जाना नगर पालिका एवं मंडी प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है।

खबर संक्षेप

सदगुरु बाबा ईश्वर शाह की अगुवाई में निकाली गई विशाल शोभा यात्रा

अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक में हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 12 एवं 13 अप्रैल शनिवार एवं रविवार को रामघाट में आयोजित होने वाले हरे माधव सत्संग कार्यक्रम में शिरकत करने वाले प्रमुख संत सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब जी की परंपरागत ढंग पूरे आत्मीयता भक्ति भाव श्रद्धा के साथ भक्त श्रद्धालुओं ने बाबा शाह का कल्याण सेवा आश्रम के सामने आगमन पर ढोल नगाड़े जय घोष नारे लगाकर दीप कलश दिखाकर स्वागत बंदन अभिनंदन सायं काल पुरुष महिलाओं युवक युवतियों ने अपने सदगुरु देव भगवान का स्वागत अभिनंदन किया। हरे माधव सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने आए सिंधी समाज के हजारों की तादाद में भक्त श्रद्धालु जनो की भारी भीड़ के साथ शहंशाह सतगुरु भगवान ईश्वर शाह साहिब जी की भव्य एवं गरिमामयी उपस्थिति में विशाल शोभा यात्रा संध्याकाल 7 बजे कल्याण सेवा आश्रम के सामने से भव्य एवं महिती शोभा यात्रा निकली। सतगुरु भगवान बाबा ईश्वर शाह अपने भक्त श्रद्धालुओं अनुयायियों का अभिवादन स्वीकार करते रहे सभी भक्त श्रद्धालु गण पुरुष महिलाएं बालक बालिकाओं की पारंपरिक नृत्य ढोल धमाके के साथ रंग बिरंगी विद्युत रौशनी झालर आतिशबाजी कर करते हुए शोभा यात्रा मृत्युंजय आश्रम तक शोभा यात्रा आई । शोभा यात्रा के दौरान सभी का उत्साह उमंग जोश खरोश भक्ति भाव विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा । तत्पश्चात सतगुरु बाबा ईश्वर शाह जी ने सत्संग के लोगों के लिए भोजन प्रसादी भंडारा स्थल में पूजन अर्चन कर विधिवत शुभारंभ किया।

अवैध रेत परिवहन करते जैतहरी पुलिस ने पकड़ा ट्रैक्टर

अनूपपुर। 12 अप्रैल को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की सोन नदी के आमाघाट ग्राम चोलना मे एक स्वराज ट्रेक्टर का चालक म.प्र.शासन का रेत खनिज अवैध रुप से चोरी कर ट्राली में लोड कर अवैध परिवहन की फिराक में है सूचना पर सूचना की तस्दीक एंव कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये स्थान सोन नदी के आमाघाट चोलना मे पहुचकर रेड कार्यवाही की गई जहा पर एक नीले रंग का स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर ट्राली बिना नम्बर का 03 घन मीटर अवैध रेत खनिज लोड़ किये हुये मिला जिसे रोककर चालक से नाम पता पूछंने पर अपना नाम उमाशंकर केवट पिता रतीराम केवट उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चोलना थाना जैतहरी का होना बताकर उक्त बिना नम्बर का ट्रेक्टर स्वराज कम्पनी का का होना बताया, ट्रेक्टर मे लोड खनिज रेत के परिवहन विक्रय के संबंध मे पुछे जाने पर उक्त चालक /मालिक के पास कोई वैध दस्तावेज नही होने से आरोपी उमाशंकर केवट पिता रतीराम केवट उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चोलना थाना जैतहरी का कृत्य धारा 303(2) बीएनएस ,4/21 खान खनिज अधिनियम के तहत दंडनीय पाये जाने से उक्त ट्रेक्टर मौके से विधिवत जप्त कर थाना मे लाकर सुरक्षार्थ लाकर खडा किया आरोपी उमाशंकर केवट पिता रतीराम केवट उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चोलना थाना जैतहरी के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

हनुमान जयंती पर बजरंग धाम पठरा में होंगे विविध आयोजन

बड़वारा। संकटमोचन महावीर बजरंगवली जी की जयंती पर आज 12 अप्रैल को बजरंग धाम पठरा में स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर में विभिन्न आयोजन किये जायेंगे। मंदिर के प्रमुख पुजारी पँडित लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर संकटमोचन हनुमान जी का अभिषेक किया जाएगा एवम पूजन हवन का आयोजन होगा। स्थानीय व क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी संख्या भगवान महावली हनुमान जी के दर्शन को एकत्रित होगी। सुबह से ही हनुमान पाठ किये जायेंगे।

जय श्रीराम, जय बजरंगबली के जयघोष से गूंज उठा पूरा वातावरण

हनुमान जयंती पर श्री राम मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा

शहपुरा - श्री हनुमान जन्मोत्सव जिले की शहपुरा नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर दिन भर हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिले में कई स्थानों पर कीर्तनमयी पदयात्राएं तो कई जगह शोभायात्राएं निकाली गईं। दिन भर भंडारों की धूम रही। श्री राम मंदिर शहपुरा में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद समिति द्वारा बड़े ही धूमधाम से निकलने वाली कीर्तनमयी पदयात्रा निकाली गई । हनुमान जन्मोत्सव के चलते जय श्रीराम, जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली बजरंगबली के मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। हनुमान भक्तों ने भजनों पर थिरकते हुए वाहनों पर सजी झांकियों के साथ पदयात्रा निकाली। पदयात्रा का समापन संकट मोचन हनुमान मंदिर पर हुआ। भक्तों ने बजरंगबली की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की और प्रसाद वितरित किया। श्री राम मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिर से श्रद्धालुओं ने बाइकों के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली।

जगह जगह हुआ भंडारा

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के अनेक हनुमान मंदिरों सहित धार्मिक स्थानों पर भक्तों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुभक्तों सहित माताओं बहिनों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। नगर के उमरिया मार्ग तिराहा में समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समिति सदस्यों ने प्रात हनुमानजी की विशेष पूजा अर्चना के साथ सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया उपरांत विशाल भंडारा प्रात 11 बजे से प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। पुलिस थाना स्थित हनुमान मंदिर में भी हुआ भंडारा शारदा टेकरी मन्दिर स्थित हनुमान मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारा प्रात 11 बजे से प्रारंभ होकर देर शाम तक जारी रहा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। शहपुरा नगर के हनुमानजी की मड़िया में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शहपुरा नगर के बाजार चौक स्थित श्री राम मंदिर में बजरंग दल समिति की ओर से भंडारा आयोजित हुआ जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की।

नर्मदांचल विद्यापीठ में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम

शहपुरा - जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल द्वारा संचालित नर्मदांचल विद्यापीठ में भी इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरनारायण छात्रावास के संरक्षक महेंद्र अरजरिया रहे विद्यापीठ के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राओं द्वारा भगवान श्री राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी का हनुमान चालीसा का पाठ किया गया आरती वंदन की गई एवं बच्चों द्वारा मनमोहक भजन सुनाए गये हवा में उड़ता जाए रे मेरा राम दुलारा रामदुलारा वो तो अंजनी का लाला कार्यक्रम के अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें हनुमान जी से हमें सीखना चाहिए कि किस तरह से हनुमान जी प्रतिकूल परिस्थिति को अनुकूल परिस्थिति में बदल देते हैं छोटी-छोटी सीख से हम लोगों को बहुत बदलाव

देखने को मिलता है एक सकारात्मक विचारधारा हमारे साथ उत्पन्न होती है और हनुमान जी के कार्य से हमें जरूर सीखना चाहिए जिस तरह से हनुमान जी ने जो भी कार्य किया समय रहते ही किया उदाहरण के लिए संजीवनी औषधि इसी तरह से उन्होंने महत्वपूर्ण बिंदुओं का भी उद्बोधन किया वही कार्यक्रम का आभार नर्मदांचल विद्यापीठ के उपप्राचार्य प्यारेलाल कुशवाहा ने अपने वक्तव्य को प्रस्तुत करते हुए कहा कि हनुमान जी से हमें यही सीखना चाहिए कि किस तरह से हनुमान जी ने हर कार्य के माध्यम से समाज को एक सकारात्मक विचारधारा को प्रस्तुत किया है स्थिति कितनी भी क्यों ना खराब हो हमें संयम धैर्य और समय का इंतजार करना चाहिए यदि प्रकृति ने व्यक्ति के लिए कुछ भी कर रही है तो कहीं ना कहीं उसका अंतिम उपाय भी जरूर निकालती है यह भी हमें हनुमान जी से यही सीख मिलती है जिस तरह से हनुमान जी ने बड़ी सूझबूझ के साथ बड़े-बड़े कार्य किए हैं इस तरह से हमें भी बड़ी सूझबूझ के साथ कार्य करना चाहिए हनुमान जी कहते हैं की अच्छी शिक्षा जहां से भी मिले उसे ग्रहण कर लेना चाहिए और जितना कार्य मिलता है उतना समय के साथ कर लेना चाहिए हनुमान जी कहते हैं कि निर्मल मन का व्यक्ति होना चाहिए विद्यापीठ के अन्य शिक्षकों ने भी भजन के माध्यम से प्रस्तुति दी ,विद्यापीठ में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा एवं संस्कारवान शिक्षा बच्चों को प्रदान करने का कार्य कर रही है

कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रभारी मति भावना साहू एवं समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

निशुल्क जन स्वस्थ शिविर का किया गया आयोजन

डिंडोरी:अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला डिंडोरी के तत्वाधान में श्री हनुमान प्रकट उत्सव के पावन पर पर जिला मुख्यालय में संगठन के कार्यकर्ता एवं जिला फार्मासिस्ट एसोसिएशन एवं जिला अस्पताल के अनुभवी चिकित्सक डॉ हेमंत लोधा जिला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ के माध्यम एवं सहयोग से निशुल्क जन स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जरूरतमंदों को शुगर बीपी की जांच साधारण बुखार हाथ पैर दर्द सर्दी जुकाम एवं की जांच कर दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई गई जिसमें शिविर के माध्यम गर्मियों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव की जानकारी दी गई जिसका लाभ लगभग साढे चार सौ 500 सो लोगो ने स्वास्थ्य जांच करा कर निशुल्क दवाइयां प्राप्त कर स्वस्थ शिविर का लाभ उठाया अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र विश्वकर्मा के माध्यम से बताया गया कि संगठन हमेशा ऐसे ही जनसेवा के कार्य निरंतर करता रहता है और आगे भी ऐसे जनसेवा कार्य जारी रहेंगे संगठन का उद्देश्य सुरक्षित हिंदू सम्मानित हिंदू स्वस्थ हिंदू समृद्ध हिंदू हो भारत अखंड हो संगठन के समस्त कार्यकर्ताओं का यही उद्देश्य है जो निस्वार्थ भाव से हमेशा जन सेवा धर्म रक्षा गौ रक्षा में कार्य करते है संघटन के वरिष्ठ कारकर्ता एवं पदाधिकारी विष्णु कांत पांडे विवेक जैन मुकेश विश्वकर्मा लकी सेन जैनेंद्र सिंह पुरुषोत्तम प्रजापति डॉ कमल प्रजापति राज साहू अनुराग मानिकपुरी रामू गौतम रवि दुबे मनोज दुर्वासा अनिल साहू राजू गौतम अशोक गौतम अलंकेश प्रजापति जिला फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सदस्य ने इस स्वास्थ्य शिविर में अपना सहयोग प्रदान किया इस जन सेवा को कर को सफल बनाया।

दिखावे तक सीमित ओव्हर लोड पर कार्यवाही

लापरवाही की तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद भी कार्यवाही सिफर

अनूपपुर। किरर घाट हादसे के ठीक एक दिन बाद ही जिले में यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ती लोगों ने सोशल मीडिया में पोस्ट डालनी प्रारंभ कर दी थी। बुधवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों छोटे मालवाहक वाहनों द्वारा (पिकअप, लोडिंग ऑटो) में लोग ठूँस-ठूँसकर बैठे हुए सफर करते नजर आए वो भी बिना किसी डर या रोक-टोक के। क्या हादसों से कुछ नहीं सीख रहा सिस्टम, इस बड़ीं घटना का जिम्मेदार यातायात प्रभारी नहीं, कुछ दिन पहले भीषण दुर्घटना में तीन जानें चली गईं और पाँच लोग जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। यातयात की इस नाकामयाबी से नाराज दिखे लोग और यातायात विभाग की कमजोरी को सोशल मीडिया में सामने लाने लगे। कलेक्टर अनूपपुर के ऑफिशियल पेज पर भी यातायात की कार्यप्रणाली पर लोगों ने सवाल उठाया। दावा किया गया था कि हादसे के बाद सख्ती बरती जाएगी। पर जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। जिला यातायात प्रभारी ज्योति दुबे ने पहले क्यों आंखे मूंद रखी थी, आपके होते कैसे मालवाहक वाहनों पर सवारी बैठी, कैसे ऑटो में 9 सवार सवारी कर रहे, इन सब पर रोकथाम लगाना किसका काम है, क्या सिर्फ बड़ी घटनाओं के बाद ही प्रशासन जागेगा, जनता में गुस्सा, प्रशासन पर उंगली स्थानीय निवासी अब सवाल उठा रहे हैं। मालवाहक वाहनों में मानव ढोना अब भी सामान्य मान लिया गया है, नियम सिर्फ कागजों में हैं, हादसे के बाद सिर्फ बयान और जांच के नाम पर लीपापोती क्यों होती है, अब कार्रवाई नहीं, जवाबदेही चाहिए। लोगों ने सोशल मीडिया पर भी प्रशासन को घेरा है और हैशटैग के जरिए जवाब माँगा है। किरर घाट की

अमृत योजना कायाकल्प में विष घोलता स्वच्छता अभियान

रेल्वे स्टेशन के बाहर सुलभ शौचालय नहीं होने से यात्री तथा अन्य लोग हो रहे परेशान

अनूपपुर। भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी जिला अनूपपुर महासचिव वरुण चटर्जी द्वारा पार्टी के अन्य साथियों के साथ अनूपपुर रेल्वे स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर स्टेशन के बाहर यात्रियों को होने वाली असुविधा को देखते हुए सुलभ शौचालय बनाए जाने की मांग की गई है।उन्होंने बताया कि देश में ऐसे बहुत सारे रेलवे स्टेशन है जिनका केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत कायाकल्प किया जा रहा है,इसी क्रम में बिलासपुर रेल्वे जोन के अंदर आने वाला सबसे व्यस्ततम अनूपपुर रेल्वे स्टेशन जो कि एक जंक्शन भी है।अनूपपुर रेलवे स्टेशन को भी अमृत योजना के तहत कायाकल्प के माध्यम से यात्रियों के लिए सर्व सुविधाजनक का कार्य लगातार चल रहा है। किंतु उसके बावजूद भी अनूपपुर रेल्वे स्टेशन के सामने की जगह पर यात्रियों तथा अन्य लोगों द्वारा मूत्र विसर्जन किए जाने से उसके दुर्गंध के कारण दूसरे यात्रियों तथा रहवासियों का जीवन नरक बन चुका है। जिसका सबसे बड़ा कारण रेल्वे स्टेशन के बाहर एक भी सुलभ शौचालय का नहीं होना है।वही दूसरी ओर अनूपपुर रेल्वे स्टेशन परिसर के अंदर बने हुए शौचालय का उपयोग करने के लिए लोगों को प्लेटफार्म टिकट की आवश्यकता पड़ती है, ऐसी स्थिति में यात्रियों द्वारा रेल्वे स्टेशन के सामने स्थित जगह पर ही

मूत्र विसर्जन कर दिया जाता है, जिसकी दुर्गंध से रेल्वे स्टेशन आने वाले अपनी ट्रेन के इंतजार में बैठे दूसरे यात्रियों तथा अन्य लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जिसके लिए अत्यंत आवश्यक है कि अनूपपुर रेल्वे स्टेशन के बाहर भी यात्रियों तथा अन्य लोगों के लिए एक सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाए जिससे कि अनूपपुर रेल्वे स्टेशन के अमृत योजना कायाकल्प की वास्तविक रूपरेखा तथा मान बना रहे। अनूपपुर रेल्वे स्टेशन का कायाकल्प अमृत योजना के तहत करोड़ों रुपयों की लागत से हो रहा है,जहा पूरे स्टेशन को अंदर से लेकर बाहर तक सजाने का काम बखूबी किया जा रहा है।किंतु रेल्वे स्टेशन के बाहर मात्र एक सुलभ शौचालय की कमी होने से इस पूरे अमृत योजना पर जहर सा घुल गया है,इसका कारण यह है कि रेल्वे स्टेशन में आने वाले यात्रियों तथा अन्य लोगों द्वारा स्टेशन के सामने ही खाली पड़ी जगह पर मूत्र विसर्जन के दुर्गंध कारण स्वयं यात्रियों तथा अन्य लोगों का सांस तक लेना मुश्किल हो रहा है। भारतीय गण वर्ता (भगवा) पार्टी के जिला महासचिव वरुण चटर्जी और उनके साथी प्रशांत शुक्ला, जी. सूर्या राव, लक्ष्मीकांत नामदेव, रविन्द्र खंडेलवाल रितेश खंडेलवाल छोटू रैकवार, संजय द्विवेदी के द्वारा ज्ञापन के मध्यम सुलभ कांप्लेक्स के लिए बजट स्वीकृत कर इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ कराए जाने की मांग किया

17 किलोमीटर दूरी तय कर धनगवां से गोबरी जंगल पहुंचे तीन हाथी

अनूपपुर। तीन हाथियों का समूह शुक्रवार के दिन वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील जैतहरी अंतर्गत धनगवां बीट के जंगल में दिन भर विश्राम करने बाद देर शाम को जंगल से निकल कर लगभग 17 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए शनिवार की सुबह एक बार फिर गोबरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं, हाथियों द्वारा देर रात जैतहरी नगर में पहुंचकर बस स्टैंड के पीछे स्थित बाउंड्री वॉल को पार करने हेतु अनेको वार तोड़ने का हर संभव प्रयास किया लेकिन बाउंड्री नहीं टूटने से तीनों हाथियों ने दूसरा रास्ता अपनाते हुए रेलवे लाइन पार किया। इस दौरान वनविभाग के साथ जैतहरी थानाप्रभारी अमर वर्मा पुलिस बल के साथ पूरी रात हाथियों के विचरण पर निगरानी बनाए रखते हुए आम जनों को हाथियों से दूर रखा, रात के दौरान हाथियों के द्वारा किसी भी तरह का विशेष नुकसान नहीं पहुंचाया। तीन हाथियों का दल 23वें दिन निरंतर अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में विचरण कर रहा है जो शुक्रवार को पूरे दिन विगत 7-8 दिनों से धनगवां के जंगल में विश्राम करने के बाद देर शाम जंगल से निकल कर कुसुमहाई, पटौरा, टकहुली, लहरपुर, मुर्रा गांव से गुजरता हुआ देर रात नगर परिषद जैतहरी में अनूपपुर-जैतहरी-वेंकटनगर मुख्य मार्ग को पार कर बस स्टैंड के पीछे स्थित शेड, बाउंड्री वॉल में पहुंच कर जहां से वह पूर्व में भी आए गए रहे नगर परिषद जैतहरी द्वारा सेट एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण कर दिया रहा की बाउंड्री वॉल से निकलने के लिए तीनों हाथी अनेको वार तोड़ने की कोशिश की लेकिन बाउंड्री वाल के मजबूती के कारण नहीं टूटने से मजबूर तीनों हाथी वापस आकर बस स्टैंड के समीप दूसरे रास्ते से मोजर बियर को जाने वाली रेल्वे लाईन एवं अनूपपुर बिलासपुर के मुख्य रेलवेलाईनों को पार करते हुए बंजारी टोला से तिपान नदी पार कर शनिवार की सुबह होते एक बार फिर से ग्राम पंचायत एवं वन बीट गोबरी के झुरहीतलैया जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं,तीनों हाथियों द्वारा पूरी रात तक विचरण दौरान ग्रामीण जनों के किसी भी संपत्ति का विशेष नुकसान नहीं किया हाथियों के विचरण पर निगरानी रखने हेतु वनविभाग की तीन अलग-अलग गस्ती दल के साथ जैतहरी थाना प्रभारी अमर वर्मा पुलिस बल के साथ पूरी रात हाथियों के विचरण पर निगरानी रखते हुए आम जनों को हाथियों से दूर रखने

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

[करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल]

जबलपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

बिजली समस्या को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस जिला मुख्यालय स्थित झिरना पावर हाउस कार्यालय मे बड़ी संख्या मे एकत्र होकर किसानों द्वारा बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे बताया गया कि किसानों को बिजली ना मिलने के कारण किसानी के कार्यो पर बाधा उत्पन्न हो रही है। जिससे किसानों पर संकट के बादल मंडरा रहे है।

धीरेन्द्र ब्यौहार का निधन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस नगर निवासी दस्तावेज लेखक धीरेन्द्र ब्यौहार का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्तिधाम मे किया जावेगा। आप कुशल दस्तावेज लेखक व विधि के जानकार थे। आप लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

शोभा यात्रा का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। चैत्र नवरात्रि पर्व पर सदर मड़िया से प्रारंभ होकर 751 कलश जवारे की शोभा यात्रा धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी और भक्ति भाव का ऐसा वातावरण निर्मित किया कि हर ओर मां दुर्गा की आराधना की गूंज सुनाई दी। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया और उन्हें प्रसाद, फलाहार सामग्री, जूस, और पेयजल वितरित किया गया। इस अवसर पर लीनेस वीरांगना क्लब की अध्यक्ष सविता महोबिया के सौजन्य से शोभा यात्रा में सम्मिलित भक्तों को विशेष रूप से फलाहारी सामग्री, जूस और आइसक्रीम का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन, मल्टीपल डायरेक्टर रूप कला कटारे, पूर्व एरिया ऑफिसर अर्चना राय, सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया, ममता नामदेव, प्रीति गोस्वामी, उर्वशी पाठक, रेनू नौरिया, और अन्य गणमान्य सदस्य शोभना गुप्ता, नैना नामदेव, स्मिता श्रीवास आदि ने अपनी उपस्थिति और सेवाओं से शोभायात्रा को गरिमा प्रदान की।

हनुमान प्रकटोत्सव पर हुए विविध आयोजन

को नहीं जानत है जग में कपि संकट मोचन नाम तिहारो..

संकट मोचन के जयकारों से गुंजायमान हुआ नगर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । शनिवार को सम्पूर्ण जिले संकट मोचन हनुमान जी महाराज का प्रकटोत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर नगर के सभी मंदिरों सुबह से ही भीड़ अनवरत बनी तथा भक्तों द्वारा विविध आयोजन किये गये। भक्तों द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सम्पन्न हुए। विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों द्वारा शोभायात्रा के दौरान करतब दिखाए गए। वही सभी मंदिरों मे सुबह से ही पूजा पाठ का सिलसिला जारी हुआ जो देर रात तक अनवरत जारी रहा। भक्तों द्वारा जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। सभी मंदिरों मे विशेष पूजन कराया गया।

दिन भर चला पूजा पाठ

अंजनी पुत्र, वीर बजरंगी, भक्त शिरोमणि श्री हनुमान जी महाराज की जन्मोत्सव नगर व आसपास के क्षेत्रों में आस्था, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः से ही धार्मिक स्थलों और श्री हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में भगवान के दर्शन, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, चोलावंदन, अभिषेक, आरती, हवन पूजन के साथ दिन भर भंडारा व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर भगवान का गुणानुवाद किया। मंदिरों में जन्मोत्सव पर श्री हनुमान जी महाराज के जयकारों की अनुगूंज दिन भर सुनाई दी वहीं नगर में इस अवसर पर जुलूस भी निकाला गया। जुलूस का स्वागत जगह-जगह पर किया गया जुलूस में शामिल लोगों का उत्साह और हनुमान जी महाराज के जय के नारों का उद्घोष वातावरण में श्रद्धालुओं को अतिरेक उत्साह दे रहा था जिससे वातावरण और धर्ममय हो गया। जिसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

मंदिरों में हुई महाआरती

नगर के गुदरी स्थित हनुमान मंदिर,कृष्ण वराममंदिर, बाबाघाट, कृष्णा वार्ड में पंचमुखी हनुमान मंदिर,गया दत्त वार्ड में राममंदिर स्थित हनुमान मंदिर, स्टेशन थाना हनुमान मंदिर,सिंधी कालोनी पंचमुखी हनुमान मंदिर, गयावार्ड स्थित राममंदिर में स्थित हनुमान मंदिर,रौंसरा हनुमान मंदिर,सिद्ध के झिरना हनुमान मंदिर,बरगी रेल्वे फाटक हनुमान मंदिर,चरहाई हनुमान मंदिर,इंद्रा वार्ड में हनुमान मंदिर, नगरपालिका चैरहा हनुमान मंदिर,सिविल कोर्ट, तहसील परिसर, सिंचाई कालोनी,थाना प्रागंण स्थित,पीडब्लूडी, पीएचई कार्यालय, वनविभाग, अनगढ़ मंदिर, बड़ेपूल के पास, नृसिंह वार्ड स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर, नरसिंह मंदिर,झिरना स्थित,सदर मढिया,जरजोला रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर जी में जयंती दिवस पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सायं भंडारा की समाप्ति के उपरांत महाआरती की गई जिसमें अंजनी पुत्र हनुमान जी महाराज की महाआरती से सभी जगह जन्मोत्सव दिवस का समापन किया गया।

शोभायात्रा निकाली गई

श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर भक्तों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये श्री हनुमान जी मंदिर मे सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत और आरती की गई। बडी संख्या में लोगो के साथ झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। वही मंदिरों मे दिन भर भंडारें प्रसादी वितरण कार्यक्रम चलता रहा। भक्तों द्वारा दिन भर पूजन पाठ, चोला वंदन, सुंदरकाण्ड पाठ, अखंड रामायण, भजन कीर्तन, आरती आदि की गई। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों द्वारा हैरतंगेज प्रर्दशन कर मन मोह लिया। पंचमुखी हनुमान मंदिर मे मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो दिनभर अनवरत जारी रहा। नगर के हनुमान मंदिरों में प्राकट्योत्सव पर होने वाले धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दो दिन पूर्व से ही तैयारियां शुरू हो गईं थीं। मंदिरों की खास साज-सज्जा की गई। हनुमानजी की प्रतिमा का सिंदूर से चोला वंदन करते हुए भक्तों ने आरती गई। भंडारों में प्रसाद लेने श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शाम के समय स्टेशनगंज स्थित मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं-पुरुषों, बच्चों की भीड़ रही।

पत्रकार पर अवैध कारोबारियों ने किया हमला

पत्रकारों ने खोला मोर्चा, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बीती रात थाना क्षेत्र करेली के आमगांव निवासी पत्रकार ब्रजेश दीक्षित पर अवैध कारोबारियों द्वारा हमला कर घायल कर दिया। जानकारी के संबंध मे बताया गया कि आरोपियों द्वारा पत्रकार को शाम तकरीबन 6 बजे हमला किया गया जिसकी शिकायत कर घर लौट रहे पत्रकार पर रात तकरीबन 11 बजे आरोपियों द्वारा पुनः हमला कर दिया गया। जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। घटना की जानकारी लगते ही पत्रकारों मे आक्रोश व्याप्त हो गया। पीड़ति पत्रकार की शिकायत पर पुलिस ने करेली थाने में आरोपी राजेंद्र सिसोदिया उर्फ बड़े, अशोक सिसोदिया उर्फ छोटा मुन्ना, राजा सिसोदिया, अन्नू सिसोदिया, गुड्डू सिसोदिया और मोंटी पर नामजद धारा 126(2), 296, 115(2), 351(2), 3 (5) वीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। घटना के विरोध में शनिवार को पत्रकारों द्वारा नारेबाजी करते हुये आमगांव पुलिस चौकी का घेराव किया गया। उसके उपरांत पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। कोतवाली थाना प्रभारी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर रहे हैं। वही पुलिस ने कार्रवाई करते हुये एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया। जहां पर न्यायालय द्वारा आरोपी के जमानती अपील को खारिज करते हुये जेल भेज दिया। घटना को लेकर पत्रकारों द्वारा आंदोलन की तैयारी की जा रही है। वही पुलिस द्वारा शेष आरोपियों को पकड़ने की तैयारी की जा रही है। ज्ञात हो कि बीते लंबे समय से जिले मे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद है जिन पर लगाम लगाने में पुलिस नाकामयाब नजर आ रही है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान व शोभायात्रा कल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। संविधान निर्माण डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अजाक्स संघ द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जावेगें। जानकारी देते हुए संभागीय उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश अजाक्स संघ रंजीत कुमार चैधरी द्वारा बताया गया कि 14 अप्रैलसोमवार को जिला स्तरीय डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी का जन्म उत्सव कार्यक्रम डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क कंदेली में बड़े ही उत्साह से मनाया जावेगा इस दिन सुबह 9 बजे से अंबेडकर पार्क में भीम अनुयायियों के द्वारा तीसरे वर्ष में लगातार स्वेच्छिक रक्तदान का कार्यक्रम भी किया जाएगा, अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के एवं अजाक्स संघ तथा अन्य वर्ग के भीम अनुयायियों के द्वारा विशाल शोभायात्रा दोपहर 2 से शहर के मुख्य मार्गो अंबेडकर पार्क, बाहरी रोड, स्टेशन गंज तक एवं वापस स्टेशन गंज से मुशरान पार्क, में रोड सुभाष पार्क चैराहा से वापस शोभा यात्रा का समापन होगा। इस अवसर पर इस शोभायात्रा एवं कार्यक्रम में अभिषेक जाटव राष्ट्रीय बहुजन शायर दिल्ली भी सम्मिलित होंगे एवं कार्यक्रम में यह अपने विचार रखेंगे इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के समस्त तहसीलों से सदस्य एवं पदाधिकारी सम्मिलित होंगे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील जे. एस. धुर्वे प्रांतीय संयुक्त सचिव अजाक्स, एमके अहिरवार संरक्षक, बंसी लाल अहिरवार, बिरजू जाटव ,सतीश चैधरी जिला उपाध्यक्ष आदि के द्वारा की गई है।

अध्यात्म ब्रह्मास्त्र सम्मेलन आज से

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। अध्यात्म विज्ञानशाला उपकेन्द्र नरसिंहपुर के तत्वावधान में आयोजित ब्रह्मास्त्र सम्मेलन आज 13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्थान तुलसी मानस भवन में केंद्रीय अध्यात्म विज्ञान शाला ओंकारेश्वर के 'संचालक जगतगुरु उमाशंकर चैतन्य' की अध्यक्षता में आयोजित है। अध्यात्म विज्ञानशाला उपकेंद्र के नरसिंहपुर संचालक डी.डी. गोस्वामी ने बताया कि सम्मेलन में गीता में वर्णित विश्वरूप परमात्मा के प्रत्यक्ष यथार्थ दर्शन एवं दिव्य दृष्टि योग पर उपदेश तथा गीता, रामायण, एवं संत साहित्य पर आधारित ज्ञान, कर्म, भक्ति, उपासना और मोक्ष का यथार्थ निरूपण किया जायेगा। कार्यक्रम में सुबह 8 से 9 सर्वांग योग पाठ, 10 से 12: 30, शाम 3 से 5:30 बजे तक उपदेश होगा। विज्ञानशाला उपकेन्द्र नरसिंहपुर ने सभी आत्मरूप सज्जनों से निवेदन किया है कि सत्संग में उपस्थित हो कर आत्म कल्याण और विश्वकल्याण में सहभागी हों।

गौशाला में भूसा दान कर मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। चंदना संभाग के अंतर्गत समय सिंधु महिला मंडल की अध्यक्ष रंजना नायक के मार्गदर्शन मे वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर केंद्रीय जेल गौशाला मे एक ट्राली भुसा का दान किया। गायों का मुख्य आहार का आधार भुसा ही होता है गर्मी मे भुसे की कमी से गायें भूखी रहती है इसलिए प्रत्येक संस्था द्वारा यह दान किया जाय तो हम सभी की मुख्य जरुरत दुध देने वाली गौ माता भूखी न रहेंगी। इस उद्देश्य एवं सभी सामाजिक संस्थान को संदेश स्वरूप समय सिंधु महिला मंडल ने निर्णय लिया की गौशाला मे भुसा का दान करते रहेंगे। दान देते समय केंद्रीय जेल के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे एवं समय सिंधु मंडल की उपाध्यक्ष नीलांजना जैन, सचिव साधना डब्लया, सहसचिव पूनम जैन ,कोषाध्यक्ष भावना जैन, सह कोषाध्यक्ष प्रतिभा जैन एवं पद्मा जैन, मंजु जैन, सपना जैन, रेखा जैन, निधी जैन, सारिका जैन उपस्थित रही।

ऊमर नदी में बनाया 62 बोरी से बंधान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बहते जल को स्थिर करके उसे उपयोग में लाने का कार्य जिले में किया जा रहा है। जल संरक्षण व संवर्धन के लिए मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर की समितियों और ग्रामवासी एक साथ कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड गोटेगांव सेक्टर के ग्राम राजाकछार के ऊमर नदी पर 62 बोरियों का बंधान किया गया। यह बोरी बंधान विकासखण्ड समन्वयक श्री प्रतीक दुबे के नेतृत्व में 3 नवांकुर संस्था, आदर्श शिक्षा समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिती अकोला, नई पहल फाउंडेशन, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजा कछार व देव नगर पुराना और ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। बोरी बंधान होने से भूमिगत जल में वृद्धि, ग्रीष्म ऋतु में पशु- पक्षियों व जीव- जंतुओं को पीने का पानी, आसपास के पेड़- पौधो में हरियाली, पानी के संग्रह से किसानो को सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता और लोगों को गर्मी में जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत राजा कछार के सरपंच, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सीएमसीएलडीपी के छात्र परामर्शदाता एवं ग्रामीणजन मौजूद थे। इस दौरान जल संरक्षण की शपथ लेकर जल को संरक्षित करने का निर्णय लिया।

संकट कटे मिटे सब पीरा...

श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर हनुमतमय हुआ क्षेत्र

तेंदूखेड़ा। संकटमोचक पवनसुत श्री हनुमान जी महाराज का प्राकट्योत्सव पर्व संपूर्ण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर जगह जगह धार्मिक आयोजन संपन्न हुये। तेंदूखेड़ा में पटवारी मुहल्ला नर्मदा मंदिर से विशाल ध्वज यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई जो पंचमुखी हनुमान मंदिर में जाकर ध्वज चढ़ाकर पूजन अर्चन के साथ संपन्न हुई। सभी हनुमान मंदिरों में विशेष साज सज्जा के साथ चालीसा सुंदरकांड पाठ पूजन आरती स्तुति की गई।राम घाट स्थित श्री हनुमान मंदिर से विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई।साथ ही श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार में पिछले तीन दिनों से चल रहे अनुष्ठानात्मक कार्यक्रम का समापन हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ। इन तीन दिनों में विद्वान पंडित श्री विनोद बाजपेई पं अरविंद वारोलिया पं लक्ष्मीनारायण वारोलिया रामू तिवारी के माध्यम से श्री राम रक्षा स्त्रोत पाठ श्री हनुमत सहस्त्रार्चन चालीसा सुंदरकांड पाठ संपन्न हुये। तीन दिन में प्रतिदिन नगर के विभिन्न सेवाभावी संगठनों ने अपनी अपनी सहभागिता निभाते हुए महाआरती धार्मिक आयोजन में शामिल हुए।शाम को विशाल भंडारे में का आयोजन हुआ। रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड पाठ चालीसा पाठ आरती संपन्न हुई। पांडाझिर स्थित श्री हनुमान मंदिर झिरी घाट करोंदी घाट उमरपानी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर नगर के वार्ड क्रमांक 08 09 11 में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना चोला बंदना की गई।